**भारत सरकार**
**विदेश मंत्रालय**
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या –3042**
**दिनांक 13.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**रूस से भारतीय नागरिकों को स्वदेश वापस लाना**

**3042. एडवोकेट अदूर प्रकाशः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) रूस की सेना में सेवा के लिए भर्ती किए गए वैसे भारतीय नागरिकों की संख्या कितनी है जिन्हें अभी भी स्वदेश वापस लाया जाना शेष है;

(ख) रूस के प्राधिकारियों से आश्वासन मिलने के बावजूद उनकी रिहाई और स्वदेश वापसी में विलंब के क्या कारण हैं;

(ग) क्या भारतीय नागरिकों को युद्ध के मोर्चे पर तैनात किया जाता है और भारतीय मिशन उन सभी से संपर्क करने में सक्षम है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;और

(घ) सरकार द्वारा उनकी शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी के लिए क्या उपाय किए गए हैं/किए जाने का विचार है?

**उत्तर**
**विदेश राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)**

**(क)** से **(घ)** सरकार के ठोस प्रयासों के परिणामस्वरूप रूसी सशस्त्र बलों में कार्यरत अधिकांश भारतीय नागरिकों को कार्यमुक्त कर दिया गया है और बहुत से लोगों को भारत वापस भेज दिया गया है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार**,** वर्तमान में रूसी सशस्त्र बलों में केवल **19** भारतीय नागरिक बचे हैं। सरकार ने संबंधित रूसी प्राधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे रूसी सशस्त्र बलों में शेष भारतीय नागरिकों के पते**-**ठिकाने के बारे में अद्यतन जानकारी प्रदान करें और उनकी सुरक्षा**,** कल्याण और शीघ्र कार्यमुक्ति सुनिश्चित करें।

*****